दिन– बुधवार | दिनांक– 09/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी। अब तक चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं।

02. विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद का मिला–जुला असर देखने को मिला। पटना में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सीपीआई के डी. राजा भी हुए शामिल।

03. एनडीए ने विपक्षी दलों पर पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। बिहार बंद को बताया विफल।

04. और, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा – प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत देशभर में पैंतालीस हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा।

---

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी है। अब तक चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या कुल मतदाताओं का सत्तावन दशमलव चार–आठ प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि यदि यही गति बनी रही तो शेष प्रपत्र को निर्धारित समय सीमा पच्चीस जुलाई से पहले ही एकत्र कर लिया जाएगा। आयोग ने अस्थाई रूप से माईग्रेटेड मतदाताओं से गणना प्रपत्र को वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या वॉट्सएप जैसे ऑनलाइन माध्यम से अपने बीएलओ को भेजने की अपील की है।

---

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद का मिला–जुला असर देखने को मिला। पटना में बिहार बंद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शामिल हुए। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, सीपीआई के महासचिव डी. राजा, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए। ये सभी इनकम टैक्स गोलम्बर से प्रदर्शन करते हुए चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले, लेकिन सचिवालय थाने के

पास इन सभी को रोक लिया गया। श्री गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक हितों की रक्षा करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों और वंचितों का नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश चल रही है।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी विश्वसनीयता खो चुका है।

———बाइट———

सीपीआई महासचिव डी. राजा ने कहा कि चुनाव आयोग को पुनरीक्षण अभियान को लेकर महागठबंधन की चिंताओं पर ध्यान देना चाहिए।

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बिहार बंद में राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और वामपंथी दल शामिल थे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

बिहार बंद को देखते हुए आज सुबह से ही सड़कों पर आम दिनों की तुलना में कम वाहन दिखे। कई जगहों पर लंबी दूरी के बसों का परिचालन भी बंद रहा। बंद समर्थकों ने कई जगहों पर सड़कें जाम कीं और रेल सेवाएं बाधित कीं। प्रदर्शनकारियों ने मधुबनी, मुंगेर, जहानाबाद और अरवल सहित कई जिलों में रेल सेवाएं बाधित कीं और रेलवे ट्रैक जाम कर दिए। मधुबनी में गंगासागर एक्सप्रेस और सरयू यमुना एक्सप्रेस के संचालन को बाधित करने का प्रयास किया गया। कटिहार में, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– इकतीस पर विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया। समस्तीपुर और ताजपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– अट्ठाईस पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही। महात्मा गांधी सेतु पर प्रदर्शनकारियों ने यातायात बाधित कर दिया, जिस कारण सेतु पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। बंद के दौरान सभी सरकारी कार्यालय और अन्य प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रहे। धर्मेन्द्र कुमार राय  आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————

एनडीए के घटक दलों ने महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद को पूरी तरह विफल बताया है। भारतीय जनता पार्टी ने महागठबंधन पर संवैधानिक संस्थाओं के अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई होने वाली है तब ऐसी स्थिति में बिहार बंद और चक्का जाम का कोई औचित्य नहीं था।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि महागठबंधन के घटक दलों ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी शरणार्थियों को बचाने के लिए बिहार बंद का आयोजन किया था।

———बाइट———

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि महागठबंधन के घटक दल मतदाता सूची के पुनरीक्षण को राजनीतिक एजेंडा बना रहे हैं।

---बाइट---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने महागठबंधन के घटक दलों पर विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

---बाइट---

---

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत देशभर में पैंतालीस हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस पर छिहत्तर हजार करोड़ रूपये खर्च होंगे।

---बाइट---

इससे पहले, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने पटना में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण समेत केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

---

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में सजायाफ्ता राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की खंडपीठ ने सीबीआई की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। याचिका में लालू प्रसाद के साथ-साथ बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा बढ़ाए जाने की मांग की गयी है। देवघर कोषागार से अवैध निकासी के इस मामले में निचली अदालत ने इन सभी दोषियों को अलग-अलग साढ़े तीन साल कैद की सजा सुनाई थी।

---

पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हो गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। मतणना ग्यारह जुलाई को होगी।

---

कृषि विभाग ने नवादा में केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि के हस्तांतरण को स्वीकृति दे दी है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि भदौनी स्थित राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र की भूमि पर केंद्रीय विद्यालय के भवन का निर्माण होगा।

---

समस्तीपुर जिले के लरझाघाट थाना क्षेत्र के सलहा बुर्जुग गांव में शौचालय की टंकी साफ करने के दौरान दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

---

सीवान जिले के दरौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा गांव में हथियारबंद अपराधियों ने एक आभूषण दुकान से पांच लाख रूपये के जेवरात लूट लिये। पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

---

कटिहार जिले के डंडखोरा रेलवे स्टेशन के पास उदयपुर– कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस रेल मार्ग पर कई घंटों तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

---

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबनी गांव में असमाजिक तत्वों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किये गए तीन आरोपियों को भी छुड़ा लिया।

---

खगड़िया जिले के गोगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राटन गांव से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी प्रमोद यादव को गिरफ्तार कर लिया

है। इधर, मधुबनी जिले के खजौली थाना क्षेत्र से एसटीएफ की टीम ने दो हथियार तस्करों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

एसटीएफ की टीम ने मुंगेर – जमुई के सीमावर्ती इलाके चोरमारा के पास कुख्यात नक्सली सिंघो कोड़ा को गिरफ्तार किया है।

---

एएसआई संतोष कुमार सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे एक आरोपी राजू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र से एसएसबी की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में कोडिनयुक्त सीरप और नशीली दवाईयों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। गोपालगंज लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, कल रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी। अब तक चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं।

02. विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद का मिला–जुला असर देखने को मिला। पटना में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सीपीआई के डी. राजा भी हुए शामिल।

03. एनडीए ने विपक्षी दलों पर पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। बिहार बंद को बताया विफल।

04. और, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा – प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत देशभर में पैंतालीस हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।